ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, गुरूवार 20 फरवरी 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 343

रेखा गुप्ता पहली बार विधायक बनीं, अब दिल्ली CM



24 न्यूज अपडेट

50 साल की रेखा गुप्ता जिंदल दिल्ली की नौवीं CM बनीं। भाजपा विधायक दल की बैठक में बुधवार को उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया था। वे दिल्ली विधानसभा चुनाव में शालीमार बाग सीट से विधायक हैं।

उन्होंने AAP की वंदना कुमारी को 29,595 वोटों से हराया। रेखा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) और BJP से जुड़ी हैं। दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं।

दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री के तौर पर RSS ने रेखा गुप्ता का नाम आगे बढ़ाया था और पार्टी ने उस पर मुहर लगा दी। रेखा ने छात्र राजनीति से करियर की शुरुआत की, दो बार विधायक का चुनाव हार चुकी हैं। फिर भी 3 वजहें हैं, जिसके चलते उन्हें मुख्यमंत्री चुना गया...

पहली वजह- केजरीवाल की तरह वैश्य- रेखा भी पूर्व CM अरविंद केजरीवाल की तरह वैश्य हैं। दिल्ली में वैश्य समुदाय व्यापार में होल्ड रखता है। ये हमेशा BJP का कोर वोटर माना जाता है। इसी वजह से भाजपा के तीन नेताओं के नाम CM पद की दौड़ में थे। इनमें रेखा गुप्ता के अलावा विजेंद्र गुप्ता और जीतेन्द्र महाजन का नाम था।

दूसरी वजह- महिला वोट-दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 48 सीटें जीतीं, कुल 45.56% वोट मिला। इसका बड़ा कारण यह भी रहा कि भाजपा ने महिलाओं के लिए कई योजनाओं की घोषणा की थीं।

तीसरी वजह- महिला मुख्यमंत्री बनाना था

दिल्ली में अब तक 3 महिला CM शीला दीक्षित, सुषमा स्वराज और आतिशी रही हैं। भाजपा ने रेखा को CM बनाकर महिलाओं को साधने की कोशिश की है। रेखा गुप्ता RSS की पसंद हैं।

सूत्रों के मुताबिक, विधायक दल की बैठक के पहले RSS ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे भाजपा ने मान लिया। PM मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और हरियाणा CM नायब सैनी जैसे भाजपा दिग्गजों ने उनके लिए प्रचार किया था।

दिल्ली CM रेखा ने मंत्रियों के साथ यमुना आरती की



24 न्यूज अपडेट

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने गुरुवार शाम को शपथ लेने के 6 घंटे बाद यमुना घाट पर आरती की। उनके साथ 6 मंत्री भी थे। थोड़ी देर में पहली कैबिनेट मीटिंग होगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में यमुना की सफाई बड़ा मुद्दा था। भाजपा ने भी अपने मेनिफेस्टो में यमुना की सफाई का वादा किया था। यह कार्यक्रम इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। इससे पहले रेखा ने आज दोपहर 12:30 बजे दिल्ली के रामलीला मैदान में शपथ ली। रेखा शालीमार बाग सीट से पहली बार की विधायक हैं। वे दिल्ली की 9वीं और चौथी महिला सीएम बन गई हैं। रेखा से पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी मुख्यमंत्री रहीं। इस समारोह में पीएम मोदी, अमित शाह के अलावा बीजेपी शासित 21 राज्यों के सीएम, डिप्टी सीएम भी मौजूद रहे। आप नेता अरविंद केजरीवाल और आतिशी शपथ में नहीं पहुंचे। प्रवेश वर्मा समेत 6 मंत्रियों ने भी शपथ ली रेखा के अलावा 6 मंत्रियों ने भी शपथ ली। इनमें अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह शामिल है।

कार्ड के जरिए GPay से पेमेंट पर एक्स्ट्रा चार्ज लगेगा:बिजली बिल और DTH रिचार्ज जैसी यूटिलिटी सर्विस के लिए 1% तक प्लेटफॉर्म फीस



24 न्यूज अपडेट

डिजिटल पेमेंट ऐप गूगल-पे से यूटिलिटी बिल पेमेंट करने पर अब एक्स्ट्रा चार्ज देना होगा। यूजर्स को अब डेबिट-क्रेडिट कार्ड के जरिए गैस सिलेंडर बुकिंग, बिजली बिल भरने, DTH रिचार्ज, फास्टैग रिचार्ज जैसी सर्विस के लिए पेमेंट करने पर 0.5 से 1% प्लेटफॉर्म फीस देना होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूजर को कन्वीनियंस फीस पर GST चार्ज भी देना होगा।

इससे पहले 2023 में गूगल-पे ने मोबाइल रिचार्ज पर सर्विस चार्ज लेने का ऐलान किया था। अभी गूगल-पे से मोबाइल रिचार्ज करने पर यूजर्स को 3 रुपए तक एक्स्ट्रा चार्ज देना होता है। वहीं, फोन-पे से रिचार्ज करने पर 2 रुपए तक सर्विस फीस देनी होती है। ये चार्ज रिचार्ज के अमाउंट के हिसाब से अलग-अलग वसूला जाता है।

डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी



24 न्यूज अपडेट

मुंबई : महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया है. इस बारे में जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने बताया कि धमकी भरा ईमेल गुरुवार को मिला है. इसमें शिंदे की कार को बम से उड़ाने की बात कही गई है. यह ई मेल गोरेगांव और जे जे मार्ग पुलिस थानों में मिले, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. इस बारे में ईमेल भेजने वाले के 'आईपी एड्रेस' पर नजर रखी जा रही है. साथ ही सभी पहलुओं की जांच की जा रही है. इससे पहले मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पहले कहा था कि एक धमकी भरा फोन आया था.

हालांकि ईमेल से धमकी मिलने के बाद उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है. बता दें कि इससे पहले फरवरी 2024 में एक कॉलेज के स्टूडेंच ने एकनाथ शिंदे और उनके बेटे श्रीकांत शिंदे को जान से मारने की धमकी दी थी. यह धमकी सोशल मीडिया के जरिए दी गई थी. इसके बाद पुलिस ने 11 फरवरी 2024 को शिंदे और उनके बेटो को धमकी भेजने के आरोप में एक स्टूडेंट को गिरफ्तार किया था. इतना ही नहीं शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे को उस समय जान से मारने की धमकी मिली जब वह दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने दिल्ली में थे. वहीं शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेते हुए शिंदे ने कहा कि यह खुशी की बात है कि हमारी प्यारी बहन दिल्ली में मुख्यमंत्री पद की शपथ ले रही हैं. हम इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हैं.


मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रेखा गुप्ता को दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर दी बधाई



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गुरूवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने श्रीमती रेखा गुप्ता को पुष्प गुच्छ भेंट कर दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई दी। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार दिल्ली के विकास को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।

मौजूद, मुंबई पोर्ट भी विकल्प



24 न्यूज अपडेट

दुनिया की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक वान (EV) बनाने वाली कंपनी टेस्ला का भारतीय कार बाजार में प्रवेश करना तय हो गया है। पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान टेस्ला के सीईओ एलॉन मस्क ने उनसे मुलाकात की थी। तब से ही टेस्ला के भारत आने की संभावना बढ़ गई है।

टेस्ला की कारों को जर्मनी से गुजरात के कांडला या मुंद्रा बंदरगाह के रास्ते भारत में लाया जा सकता है। इन दोनों पोर्ट पर कारों की हैंडलिंग के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है। हालांकि मुंबई पोर्ट भी टेस्ला कारों के इंपोर्ट के लिए विकल्प हो सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी चाहते थे कि टेस्ला भारत में प्रोडक्शन शुरू करे, लेकिन एलन मस्क फिलहाल चाहते हैं कि भारत में कारें जर्मनी के बर्लिन स्थित प्लांट से आयात की जाएं।

हाईकोर्ट जजों के खिलाफ लोकपाल जांच, सुप्रीम कोर्ट की रोक:SC ने कहा- यह बहुत परेशान करने वाला; केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया

24 न्यूज अपडेट



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को लोकपाल के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि हाईकोर्ट के जजों के खिलाफ शिकायतों की जांच करना लोकपाल के अधिकार क्षेत्र में आता है।

जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अभय एस ओका की बेंच ने गुरुवार को मामले पर खुद सुनवाई की और कहा कि यह बहुत परेशान करने वाली बात है।

कोर्ट ने केंद्र सरकार, लोकपाल रजिस्ट्रार, शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करते हुए निर्देश दिया कि 18 मार्च को अगली सुनवाई होगी। तब तक जजों के नाम और शिकायत का खुलासा नहीं करना है।

आरोप- कंपनी के पक्ष में फैसले के लिए जजों से सिफारिश की

दरअसल, लोकपाल ने 27 फरवरी को एक आदेश जारी कर हाईकोर्ट के एक मौजूदा एडिशनल जज के खिलाफ दो शिकायतों पर कार्रवाई की बात कही थी। लोकपाल ने कहा कि हाई कोर्ट का जज लोकपाल अधिनियम की धारा 14 (1) (f) के दायरे में एक व्यक्ति के रूप में योग्य होगा।

इन शिकायतों में आरोप था कि संबंधित जज ने एक निजी कंपनी के पक्ष में फैसला लेने के लिए हाईकोर्ट के एक अन्य जज और एक एडिशनल जिला जज को सिफारिश की।

सबसे बड़ी बात यह है कि जिस जज के खिलाफ फैसले को प्रभावित करने का आरोप है, वह किसी समय में इसी कंपनी के लिए वकालत कर चुके हैं।

सिब्बल बोले- इस पर एक कानून बनाना चाहिए

इस मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अदालत की सहायता करने की पेशकश की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दे दी। सिब्बल का मानना है कि यह मामला न्यायपालिका की स्वतंत्रता से संबंधित बहुत महत्वपूर्ण है। सुनवाई के दौरान सिब्बल ने कहा- मुझे लगता है इस पर एक कानून बनाया जाना चाहिए।

संगम पहुंचने के लिए 10KM पैदल चलना पड़ रहा



24 न्यूज अपडेट

महाकुंभ का आज 39वां दिन है। सुबह से ही संगम आने वाले सभी रास्तों पर 8 से 10 किमी तक श्रद्धालुओं की भीड़ है। शहर के बाहर की पार्किंग में ही वाहनों को रोका जा रहा है। वहां से शटल बस और ई-रिक्शा से श्रद्धालु महाकुंभ पहुंच रहे हैं।

शाम 6 बजे तक 1 करोड़ 15 लाख श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। 13 जनवरी से अब तक 56.75 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। संगम तट पर भीड़ न हो, इसलिए पुलिस श्रद्धालुओं से स्नान करके वहां से हटने की अपील कर रही है।

मेला खत्म होने में 6 दिन और बचे हैं। प्रशासन का अनुमान है कि कल यानी शुक्रवार से महाकुंभ में भीड़ बढ़ेगी। क्योंकि, यह महाकुंभ का आखिरी वीकेंड है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान के साथ मेला खत्म हो जाएगा

भीड़ के चलते प्रयागराज में स्कूलों में आठवीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन लगेंगी। इस संबंध में 20 फरवरी को आदेश जारी किया गया है। प्रयागराज आने-जाने वाली 8 ट्रेनें 28 फरवरी तक रद्द कर दी गई हैं। 4 ट्रेनों के रूट बदले गए हैं।

ट्विटर के फाउंडर ने ही बिटकॉइन बनाया:दावा- जैक डोर्सी ही सतोशी नाकामोतो, क्रिप्टोकरेंसी की ग्रोथ और डोर्सी के बीच संबंध



24 न्यूज अपडेट

दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन के फाउंडर जैक डोर्सी हैं। यह दावा डी-बैंक्ड के एडिटर इन चीफ सीन मरे ने किया है। मरे के मुताबिक, बिटकॉइन की ग्रोथ और ट्विटर के फाउंडर डोर्सी से जुड़ी सभी घटनाएं आपस में काफी मिलती-जुलती हैं।

बिटकॉइन को किसने बनाया? दुनिया अब तक यह नहीं जान पाई है। इसलिए इसके फाउंडर को एक काल्पनिक नाम दिया गया है जिसे 'सतोशी नाकामोतो' कहा जाता है। रियल लाइफ में इस नाम कोई व्यक्ति या ग्रुप नहीं है। सीन मरे ने 'जैक डोर्सी सातोशी नाकामोतो कैसे हैं' नाम से एक X पोस्ट शेयर किया। इसमें उन्होंने कई फैक्ट्स और टाइमलाइन भी शेयर किए। पोस्ट में उन्होंने डोर्सी की यूनिवर्सिटी के दिनों में क्रिप्टोग्राफी में गहरी रुचि के बारे में बताया। हैशकैश के फाउंडर एडम बैक की RSA टी-शर्ट पहनने की जानकारी दी और डोर्सी के क्रिप्टोग्राफिक न्यूजलेटर और एन्क्रिप्शन की पढ़ाई के बारे में बताया।

संपादकीय : गंदगी का संगम

प्रयागराज महाकुंभ को लेकर जितना प्रचार- प्रसार किया गया, उत्तम व्यवस्था के जैसे दावे किए गए, जितनी भारी रकम खर्च करने के ब्योरे पेश किए गए, अब लगता है। कि वह सब ढिंढोरा पीटने जैसा था। हकीकत में, अव्यवस्थाएं ही अधिक दर्ज हो रही हैं। इसमें लोगों के आने-जाने, रुकने-ठहरने, नहाने वगैरह के दौरान जो दुश्वारियां झेलनी पड़ीं, लोगों को घंटों गाड़ियों में कैद होकर सड़कों पर गुजारना पड़ा, रेलों में ठुसठुसा कर जैसे तैसे सफर करना पड़ा, भगदड़ में जो जानें गईं, पंडालों में आग लगने की घटनाएं हुईं उन सबसे अलग चिंता की बात यह है कि संगम क्षेत्र में गंगा और यमुना का पानी नहाने लायक था ही नहीं। उससे त्वचा रोग और दूसरी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा होने के खतरे बताए जा रहे हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण को अपनी रपट में बताया है कि संगम क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग दिन लिए गए पानी के नमूनों में गुणवत्ता बहुत खराब दर्ज हुई है उसमें मानव और पशु मल-मूत्र से पैदा होने वाले 'फेकल कोलीफार्म' नामक जीवाणु की अत्यधिक मात्रा पाई गई है । इस तथ्य को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय हरित अधिकरण यानी एनजीटी ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से एक हफ्ते के भीतर रपट तलब की है। हालांकि राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने महाकुंभ के स्नान शुरू होने से पहले ही निर्देश दिया था कि गंगा और यमुना के पानी की गुणवत्ता लोगों के नहाने लायक सुनिश्चित होनी चाहिए। मगर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ताजा रपट से तो यही जाहिर होता है कि एनजीटी के निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया गया। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का कहना है कि संगम क्षेत्र में बड़ी संख्या में स्नान करने की वजह से 'फेकल कोलीफार्म' की मात्रा बढ़ गई। मगर यह दलील किसी के गले नहीं उतर रही महाकुंभ से पहले संगम क्षेत्र में गंगा और यमुना का पानी स्वच्छ करने के खूब दावे किए गए। सरकार खुद बता रही थी कि महाकुंभ में चालीस करोड़ से अधिक लोगों के पहुंचने की संभावना है और सौ करोड़ लोगों को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं की गई हैं। फिर, कैसे संगम क्षेत्र में पानी की सफाई को लेकर ऐसी लापरवाही बरती गई कि लोगों में बीमारी फैलने की आशंका जताई जाने लगी है। यह छिपी बात नहीं है कि तीर्थ स्थलों पर पूजा सामग्री आदि की वजह से तो गंदगी फैलती है, मगर वह वैसी खतरनाक नहीं होती, जैसी 'फेकल कोलीफार्म' के कारण हो सकती है । सब जानते हैं कि शहरों की गंदगी बिना शोधन के नदियों में गिरा दी जाती है। महाकुंभ में ऐसे गंदे नालों में शोधन यंत्र लगाने की जरूरत थी। पर शायद पर्याप्त मात्रा में नहीं लगाए जा सके। ऐसे पावन पर्वों पर बहुत सारे लोग स्नान के साथ आचमन भी करते हैं, नदी जल पीते हैं। इसलिए ज्यादा चिंता की बात है कि न जाने कितने लोगों को संक्रमण हो सकता है। जाहिर सी बात है। कि जिस तरह उत्तर प्रदेश सरकार महाकुंभ के आयोजन में रह गई खामियों को किसी न किसी तरह ढंकने छिपाने का प्रयास कर रही है, संगम क्षेत्र में फैले जल प्रदूषण के तथ्य को भी छिपाने का प्रयास करेगी। मगर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रपट से महाकुंभ के आयोजन में अव्यवस्था की एक और चिंताजनक परत उघड़ गई है।

संबंध का स्वीकार

भारत में विवाह को स्त्री-पुरुष संबंध का मजबूत आधार माना जाता है। इसी से परिवार की नींव पड़ती है और हमारा समाज बनता है। इसके बरक्स अपने देश में सहजीवन को अभी तक सामाजिक मान्यता नहीं मिली है। अलबत्ता, ऐसे रिश्ते चुनने वाले युगलों पर कोई वैधानिक रोक नहीं है। लोकतांत्रिक समाज की इसे उदारता कह सकते हैं। फिर भी सहजीवन के विरोध और समर्थन में प्रायः दलीलें दी जाती रही हैं। कई वर्ष पहले विवाह पंजीकरण विधेयक पारित होने के बाद भी सहजीवन को लेकर सवाल उठे थे और इसकी व्यावहारिकता पर प्रश्नचिह्न लगे थे। आखिरकार सहजीवन में रह रहे युगल भी समाज का ही हिस्सा होते हैं और जहां भी रहते हैं, वहां उन्हें सब देखते और जानते ही हैं। इस तरह उनका कुछ भी गोपनीय नहीं रहता। ऐसे ही एक युगल के तर्क पर उत्तराखंड उच्च न्यायालय की यह टिप्पणी गलत नहीं कि जब आप विवाह किए बिना साथ रहते हैं, तो सहजीवन का पंजीकरण आपकी निजता पर हमला कैसे हुआ ? आप समाज में रह रहे हैं, न कि जंगल में। इसमें कोई दो मत नहीं कि अगर ऐसे किसी रिश्ते में गहरा समर्पण और एक-दूसरे पर भरोसा है, तो फिर डर कैसा? दरअसल, उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू होने के बाद सहजीवन का पंजीकरण अनिवार्य करने के खिलाफ एक याचिकाकर्ता ने सवाल उठाया है। आज की पीढ़ी को यह समझने की जरूरत है कि ऐसे रिश्ते के लिए यह कानूनी व्यवस्था क्यों करनी पड़ी? ऐसा क्यों लगता है कि सहजीवन से विवाह संस्था को खतरा है। क्या कोई भी समाज परिवार बनाने और बचाने की भावना को कमजोर होते देख सकता है ? वहीं स्त्रियों की सुरक्षा भी बड़ा मुच है। सहजीवन में रह रहीं कई महिलाओं से मारपीट और घरेलू हिंसा के मामले सामने आने के बाद भारतीय समाज में चिंता बड़ी है। सहजीवन में जन्मी संतानों और उनकी मांओं के कानूनी अधिकार को भी नजरअंदाज नहीं किया सकता। ऐसे में इस तरह के रिश्ते के पंजीकरण से भला क्यों परहेज होना चाहिए? यह अजीब बात है कि हम आधुनिकता की अंधी गलियों में आंखें मूंदे क्यों भटक रहे हैं।

अबकी बार होटल वेस्ट वुड, नागदा भवन वाटिका, कार डेकोर सीज, एक साथ क्यों नहीं करते कार्रवाई???



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। नगरीय कर शहर में कई प्रतिष्ठानों का बकाया है लेकिन कार्रवाई चुन-चुन कर हो रही है। सबको फाइनेंशियल इयर के एंड तक कर जमा करवाना है। ऐसे में जो डिफाल्टर हैं वो एक साथ व एक जैसे है। किसी पर ज्यादा बकाया है तो किसी पर कम। ऐसे में निगम पर सवाल उठने लगे हैं कि कहीं वो पिक एंड चूज के हिसाब से तो कार्रवाई नहीं कर रहा। रोज दो-तीन कार्रवाइयां करके यह बाकी को संदेश या संभलने का मौका तो नहीं दे रहा । बहरहाल खबर ये है कि

यू डी टैक्स बकाया, निगम ने होटल, वाटिका और कार डेकोर को किया सीज।

राजस्व शाखा द्वारा 3 प्रतिष्ठानों को सीज किया गया। कल दो किए थे। नगर निगम राजस्व अधिकारी नितेश भटनागर ने बताया कि आयुक्त राम प्रकाश के निर्देश पर 3 प्रतिष्ठानों को सीज किया गया। गुरुवार को सब सिटी सेंटर स्थित होटल वेस्ट वुड जिसका नगरीय विकास कर कुल 7,38,007/- बकाया था जिसे सीज किया गया। इसी के साथ न्यू माली कॉलोनी नागदा भवन स्थित वाटिका जिसका 8,99,474/- रुपए का नगरीय विकास कर बकाया था जिसे भी सीज किया गया। वहीं तोरण बावड़ी स्थित व्यवसायिक भवन में संचालित कार डेकोर जिसका 6,89,177/- रुपए का नगरीय विकास कर बकाया था जिसे भी सीज किया गया। इनके द्वारा नगरीय विकास कर की राशि जमा नहीं कराने से नगर निगम द्वारा इन व्यावसायिक सम्पतियों पर ताला लगा इनकी व्यावसायिक गतिविधियाँ बन्द करा दी गई। निगम ने नोटिस में अंकित किया की नगरीय विकास एंव स्वायत शासन विभाग की अधिसूचना क्रमांक 5513 दिनांक 29.00.2007 एंव अधिसूचना क्रमांक 8884 व 9356 दिनांक 24.08.2016 के तहत के वर्ष 2007 से 2023 तक उक्त संपत्ति का नगरीय विकास कर की पूरी रकम बकाया है। संबंधित फर्मों द्वारा टैक्स बकाया रहने के लिए कोई संतोषप्रद का कारण भी नही बताया गया है। फर्म से कुल बकाया का नोटिस भी तामिल करवाया जा चुका था। सभी कार्यवाही पूरी करने के उपरांत निगम ने कार्यवाही करते हुए राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा की उपबंधो के अधिन यू डी टैक्स की वसूली की पूर्ती हेतु दोनों संपतियो को सीज करने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान राजस्व अधिकारी के साथ सहायक प्रशासनिक अधिकारी विनोद अग्रवाल और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

सायरा उप प्रधान चुनाव : खुलेआम एस्कॉर्टिंग, कैंडिडेट गायब करने का किस पर लगा आरोप.... किसको सस्पेंड करने की उठी मांग



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गोगुंदा की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर को रामसिंह चदाणा अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ ंने ज्ञापन देकर कई गंभीर आरोप लगाए। सख्त कार्रवाई की मांग भी की। ज्ञापन में बताया 17 फरवरी को हुए सायरा उप प्रधान के चुनाव में थानाधिकारी सायरा प्रवीण सिंह जुगावत पर मन मानी कर चुनाव को प्रभावित करने का आरोप गोगुंदा कांग्रेस की ओर से लगाया गया है। ज्ञापन में बताया गया कि सायरा उप प्रधान के चुनाव चुनाव से पुर्व थानाधिकारी लगातार अपने मुखबिर तन्त्र से कॉंग्रेस पार्टी से चुने पंचायत समिति सदस्यों को धमकाते रहे । सायरा उप प्रधान के चुनाव के एक दिन पुर्व. काग्रेस की पंचायत समिति सदस्य लेहरकी बाई को अगवा करवाया गया ओर वोट नही देने दिया । सायरा उप प्रधान के चुनाव के दिन को सायरा थाने का पुलिस वाहन दोपहर 1 बजे सायरा थाना क्षेत्र से लेकर गोगुन्दा थाना क्षेत्र मे गए और गोगुन्दा मे कमलेश शर्मा के आवास पर गोपनीय राजनीतिक बैठक मे भाग लेकर पंचायत समिति सदस्यों को सरकारी वाहन से एस्कॉर्ट कर सायरा लाए और मत डलवाए इसके सीसीटवी फुटेज ज्ञापन के साथ प्रस्तुत किए गए। आरोप लगाया गया कि सायरा थानाधिकारी ने अपने रोजनामचा आम व वाहन लोग बुक मे सायरा से गोगुन्दा जाब्ता ले जाने व पुनः सायरा आने का कोई रिपोर्ट नहीं लिखी। आरोप लगाया कि इस प्रकार वे राजकीय वाहन, राजकीय जाब्ते व स्वयं राजकीय ड्यूटी पर होते हुए राजनीतिक दल के ऐजेन्ट के रूप मे कार्य कर रहे थे । 14 फरवरी को पचायत समिति सदस्य के निर्वाचन के दौरान भी प्रविण सिह जुगावत ने प्रत्याशी विक्रम सिह को निर्वाचन बूथ में प्रवेश नहीं करने दिया जिस पर पुलिस उप अधिक्षक गिर्वा ने आकर. प्रत्याशी विक्रम सिह को बूथ में प्रवेश करवाया । ज्ञापन में बताया कि इस प्रकार सायरा थानाधिकारी प्रविण सिंह ने मनमानी कर सरकारी मशीनरी का चुनाव मे दुरुपयोग किया है। अतः अविलम्ब निलम्बित कर पूरे प्रकरण की जाँच करवाई जाए ।

नगर निगम की लापरवाही से परेशान महिला ने दी आत्मदाह की चेतावनी



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। राज्य सरकार द्वारा अनुकंपा नियुक्ति के नियमों में बदलाव किए जाने के बावजूद नगर निगम की लापरवाही सामने आई है। उदयपुर में गुरुवार को हुई जनसुनवाई में ऐसा ही एक मामला देखने को मिला, जहां लता पवार नाम की महिला पिछले तीन वर्षों से नगर निगम के चक्कर काट रही हैं, लेकिन अब तक उन्हें जॉइनिंग नहीं मिल पाई है। लता पवार ने बताया कि उनकी मां सफाई कर्मचारी थीं, जिनकी मृत्यु के बाद अनुकंपा के तहत उनकी नियुक्ति होनी थी। हालांकि, वह स्वयं स्नातक (ग्रेजुएट) और बीएडयोग्यता रखती हैं, जिससे वह कनिष्ठ सहायक (जूनियर असिस्टेंट) के पद पर नियुक्ति की हकदार हैं। बावजूद इसके, जयपुर और उदयपुर नगर निगम के कई चक्कर लगाने के बाद भी उनकी नियुक्ति नहीं हो सकी। लता पवार का कहना है कि अधिकारियों द्वारा कभी दस्तावेजों में कमी तो कभी पद रिक्त न होने का बहाना बनाया जा रहा है। तीन सालों से लगातार प्रयास करने के बावजूद उन्हें केवल आश्वासन ही मिले हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जनसुनवाई के दौरान जब लता पवार ने अपनी शिकायत जिला कलेक्टर के समक्ष रखी, तो उन्होंने मीडिया के सामने कहा कि यदि जल्द से जल्द उनकी नियुक्ति नहीं की गई, तो वह अपने परिवार के साथ आत्मदाह करने को मजबूर होंगी। यह मामला नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है, जहां सरकार की नीतियों के बावजूद योग्य उम्मीदवारों को उनके हक से वंचित किया जा रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और लता पवार को न्याय कब तक मिलता है।

कोर्ट में पेशी के दौरान आरोपी की पिटाई, वकीलों ने 3 साल बच्ची से दुष्कर्म की कोशिश करने वाले को पीटा



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़ में वकीलों ने 3 साल की बच्ची से रेप के प्रयास के आरोपी की कोर्ट में पेशी के दौरान धुनाई कर दी। इस दौरान वकीलों और पुलिस के बीच भी धक्का-मुक्की भी हुई। इसके बाद पुलिस ने सुरक्षा घेरा बनाकर आरोपी को सुरक्षित बाहर निकाला। दरअसल, गुरुवार शाम को पुलिस चंदेरिया थाना क्षेत्र में बच्ची की रेप की कोशिश के मामले के आरोपी सलीम कुरैशी (38) को चित्तौड़गढ़ में पेशी पर लेकर पहुंची। आरोपी को देखते ही वकीलों का गुस्सा फूट पड़ा और वे पिटाई करने लगे। इस दौरान पुलिस का भारी जाप्ता मौजूद रहा। जिला अभिभाषक संस्थान की ओर से भी सभी वकीलों ने आरोपी की पैरवी करने से भी इनकार कर दिया।

ये है मामला

गौरतलब है कि मंगलवार रात को 3 साल की मासूम बालिका अपने घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान आरोपी सलीम कुरैशी बालिका को अपने साथ ले गया और उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। इसी बीच बालिका की मां ने देख लिया। उसके चिल्लाने से आसपास लोग इकट्ठे हो गए। लोगों ने आरोपी सलीम की जमकर पिटाई की और चंदेरिया थाना पुलिस को सौंप दिया। बुधवार सुबह भी लोगों ने चंदेरिया बाजार को बंद रखकर विरोध प्रदर्शन जताया। लोगों ने सख्त कार्रवाई करने और आरोपी को फांसी देने की मांग की।

लते ट्रेलर का अचानक टायर ब्लास्ट, कुछ ही सेकंड में लग गई आग



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर में नेशनल हाईवे-27 के डबोक ओवरब्रिज पर एक चलते ट्रेलर में अचानक टायर ब्लास्ट हुआ और कुछ ही सेकंड में आग लग गई। ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाई और कूदकर अपनी जान बचाई। तस्वीरें हैं उदयपुर-चित्तौड़गढ़ नेशनल हाईवे-27 के डबोक ओवरब्रिज की, जहां आज सुबह करीब 8 बजे एक बड़ा हादसा हुआ। ट्रेलर के पिछले टायर में तेज धमाका हुआ और देखते ही देखते पूरा ट्रेलर आग की चपेट में आ गया।" हमने अचानक एक बड़ा धमाका सुना गया, उसके बाद ट्रक में आग लग गई। ड्राइवर ने तुरंत ट्रक को सड़क किनारे खड़ा किया और कूदकर जान बचाई।" "आग लगते ही हाइवे पर अफरा-तफरी मच गई और ट्रैफिक जाम हो गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।" "गौरतलब है कि करीब 15 दिन पहले इसी ओवरब्रिज पर एक और ट्रक में आग लगी थी। इस बार की घटना ने हाइवे की सुरक्षा व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

15 दिन से लापता, 3 महीने से पीहर में रह रही थी महिला का बेटे के साथ मिला शव



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट डूंगरपुर। डूंगरपुर, बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र, आमझरा गांव में महिला और उसके दो वर्षीय बेटे का शव कुएं में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। दोनों पिछले 15 दिनों से लापता थे। शव मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उन्हें कुएं से बाहर निकाला और बिछीवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। बुधवार सुबह कुछ बच्चे स्कूल जाते समय कुएं के पास से गुजर रहे थे। कुआं बिना मुंडेर का था, और उन्होंने पानी में एक शव को तैरते हुए देखा। बच्चों ने यह खबर गांव में दी, जिससे वहां लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई।शव की पहचान इंदु कुंवर पटनी (पतिः गुलाब सिंह चौहान, निवासी खेलथाना, थाना ओगणा, उदयपुर) और उनके 2 वर्षीय बेटे दिगपाल िसह के रूप में हुई। इंदु पिछले तीन महीने से अपने पीहर आमझरा में रह रही थी। परिजनों के अनुसार, दिवाली के बाद से इंदु अपने मायके में रह रही थी। 15 दिन पहले वह अपने बेटे के साथ घर से निकली थी, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चला। परिवार ने कई जगह उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने कुएं से शव निकालने के लिए चारपाई को रस्सियों से बांधकर कुएं में उतारा, जिससे दोनों शव बाहर निकाले जा सके। शव पुराना होने के कारण सड़ने लगे थे और वहां तेज दुर्गंध फैली हुई थी। पुलिस ने दोनों शवों को बिछीवाड़ा अस्पताल की मोर्च्युरी में रखवाया है। पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया उदयपुर से ससुराल पक्ष के आने के बाद पूरी की जाएगी।

प्रदेश में कोई भी पात्र व्यक्ति खाद्य सुरक्षा योजना से वंचित नहीं रहेगा - खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट जयपुर। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों को पहुंचाने के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध है। वंचित पात्र परिवारों का खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जोड़ने के लिए राज्य सरकार द्वारा 26 जनवरी 2025 से पोर्टल खोला जा चुका है। इस योजना का लाभ लेने के लिए लगातार पात्र व्यक्ति ई-मित्र एवं विभागीय पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रभावी प्रयासों से राजस्थान में खाद्य सुरक्षा योजना से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहेगा।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गुरुवार को प्रश्नकाल में इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्न का जवाब दे रहे थे। इससे पहले विधायक श्री देवी सिंह शेखावत के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि कोटपूतली-बहरोड़ जिले में दिसम्बर 2024 तक खाद्य सुरक्षा योजना में 2 लाख 11 हजार 678 परिवार एवं 9 लाख 5 हजार 719 यूनिट जुड़े हुये हैं, जो नियमित रूप से इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कोटपूतली-बहरोड़ जिले में खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नाम जोड़ने हेतु सीलिंग सीमा समाप्त होने के कारण 26 हजार 702 आवेदन लंबित रहे थे। भारत सरकार द्वारा निर्धारित सीलिंग सीमा 4 करोड़ 46 लाख 61 हजार 960 के अनुसार उपलब्ध व रिक्त स्थान के विरूद्ध वंचित पात्र लाभार्थियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल किये जाने हेतु कार्यवाही जारी है।

श्री गोदारा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र बानसूर में कुल 58 हजार 596 परिवार खाद्य सुरक्षा योजना में जुडे हुए हैं। जिनको म्-च्वै मशीन के माध्यम से बायोमेट्रिक सत्यापन पश्चात नियमानुसार खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ दिया जा रहा है।

महाकुंभ मेला-2025 के चलते परिचालनिक कारणों से रेलसेवाओं की रद्दीकरण अवधि में विस्तार



24 न्यूज अपडेट

रेलवे प्रशासन द्वारा महाकुंभ मेला-2025 के चलते परिचालनिक कारणों से निम्नलिखित रेलसेवाओं की रद्दीकरण अवधि में विस्तार किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार-

रद्द रेलसेवाए (प्रारम्भिक स्टेशन से)

1.गाडी संख्या 54043, जींद-हिसार रेलसेवा दिनांक 26.02.25 तक रद्द रहेगी।

2.गाडी संख्या 54044, हिसार-जींद रेलसेवा दिनांक 28.02.25 तक रद्द रहेगी।

3.गाडी संख्या 54423, नई दिल्ली-हिसार रेलसेवा दिनांक 27.02.25 तक रद्द रहेगी।

4.गाडी संख्या 54424, हिसार-नई दिल्ली रेलसेवा दिनांक 27.02.25 तक रद्द रहेगी।

5.गाडी संख्या 54085, दिल्ली-रेवाडी रेलसेवा दिनांक 26.02.25 तक रद्द रहेगी।

6.गाडी संख्या 54086, रेवाडी-दिल्ली रेलसेवा दिनांक 26.02.25 तक रद्द रहेगी।

महाकुंभ जा रहे गुजरात के श्रद्धालुओं की कार पर गिरा पत्थर, ड्राइवर की मौत



24 न्यूज अपडेट

बूंदी : जिले के डाबी थाना इलाके में नेशनल हाईवे 27 पर महाकुंभ जा रहे श्रद्धालुओं की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई. इसमें ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए कोटा मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल में ले जाया गया है. यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है. मृतक के शव को मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट किया है और परिजनों को इस संबंध में सूचना भी दी गई है.

डाबी थाना अधिकारी हेमराज शर्मा ने बताया कि गुजरात से कुछ श्रद्धालु महाकुंभ में स्नान के लिए जा रहे थे. इस दौरान करीब तीन से चार किलो का वजनी पत्थर चलती कार पर आकर गिर गया. इसके चलते कांच टूट गया और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के बाद कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर को पास करते हुए दूसरी तरफ चली गई. हालांकि, गनीमत रही कि तेज गति में होने के वावजूद भी गाड़ी पलटी नहीं. बताया जा रहा है कि यह पत्थर खान में हुई ब्लास्टिंग के कारण आया था. इस कार में सवार गुजरात के मोरबी जिले के जैतपुर थाना इलाके के निवासी 50 वर्षीय विनु भाई पुत्र लाल जी भाई पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें तुरंत उपचार के लिए डाबी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले जाया गया. यहां से उन्हें कोटा रेफर कर दिया गया था, लेकिन कोटा में उन्होंने दम तोड़ दिया. हादसे में तीन अन्य श्रद्धालुओं को कोई चोट नहीं लगी है. कोटा मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में पहुंचे असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर कैलाश सिंह का कहना है कि ड्राइवर के चेहरे पर काफी गंभीर चोट लगी हुई है. शव का पोस्टमार्टम और अन्य प्रक्रिया करवाई जाएगी.

कपासन शनि महाराज धार्मिक स्थल के विकास कार्य वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर - देवस्थान मंत्री




24 न्यूज अपडेट

जयपुर। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने गुरुवार को विधानसभा में सदन को आश्वस्त किया कि कपासन विधानसभा क्षेत्र के ग्राम आली में स्थित शनि महाराज धार्मिक स्थल के विकास के लिए डीपीआर का विभागीय परीक्षण करवाकर, वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस धार्मिक स्थल के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्यों के लिए वर्ष 2018-19 की बजट घोषणा के तहत तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा डीपीआर बनाई गयी किन्तु पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में इसके लिए कोई राशि स्वीकृत नही की गयी।

देवस्थान मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि शनि महाराज धार्मिक स्थल के विकास कार्यों की अनुमानित लागत 76 लाख 93 हजार रुपए थी एवं डीपीआर बनाने पर 93 हजार रुपए का व्यय किया गया था। कुमावत ने बताया कि प्रदेश में 552 मंदिर और अन्य प्रदेशों के 41 मंदिर प्रत्यक्ष व आत्मनिर्भर प्रभार के हैं, जिनका रखरखाव का कार्य देवस्थान विभाग द्वारा किया जाता है। वर्तमान में इस सूची में किसी अन्य मंदिर को जोड़ा जाना संभव नहीं है।

इससे पहले विधायक श्री अर्जुन लाल जीनगर मूल प्रश्न के लिखित जवाब में देवस्थान मंत्री ने बताया कि कपासन विधानसभा क्षेत्र के चित्तौड़गढ़ तहसील के ग्राम आली में स्थित शनि महाराज धार्मिक स्थल देवस्थान विभाग द्वारा नियंत्रित एवं प्रबंधित नहीं होकर एक अराजकीय मंदिर है। विगत पांच वर्षों में इस मंदिर में सरकार द्वारा किसी कार्य के लिए व्यय नहीं किया गया है। उन्होंने धार्मिक स्थलों के विकास एवं संरक्षण की नीति का विवरण सदन के पटल पर रखा।

नींद से जागी ब्यावर नगरपालिका, अचानक पता चला दरिंदों का कैफे अवैध है, ढ़हा दिया



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. अजमेर। पुलिस अलर्ट होती व उसका सुरक्ष तंत्र मजबूत होता तो अजमेर के ब्यावर कांड की सूचना पुलिस को मुखबीर के जरिये मिल ही जाती। प्रशासन अलर्ट होता व संदिग्धों पर लगाम रख कर अपराधियों में भय कायम करता तो अपराधियों को भी अपराध से पहले सौ बार सोचना पड़ता। नगर निकाय अलर्ट होता कि दरिंदे अवैध अतिक्रमण करके कैफे चला रहे हैं तो अतिक्रमण पहले ही हटा देता लेकिन हमारे यहां पर सब कुछ हो जाने के बाद अपनी खाल बचाने के लिए प्रशासन कार्रवाई करने दौड़ा चला आता है। अब अचानक निकाय को पता चला कि कैफे अवैध था सो नोटिस देकर ढहा दिया। एक दिन पहले नोटिस दिया था। ब्यावर जिले के बिजयनगर में नाबालिग लड़कियों से जिस कैफे में समुदाय विशेष के आरोपियों ने हैवानियत की। उस कैफे के बाहर सड़क पर किए गए अतिक्रमण को नगर पालिका ने ढहा दिया। इसके साथ ही अवैध व्यवसायिक उपयोग करने पर कैफे को सीज कर दिया। 1 दिन पहले पुलिस आरोपियों को मौके पर लेकर गई थी और तस्दीक करवाई थी।

नगर पालिका ने बिजयनगर के गौरव पथ स्थित चिल आउट कैफे को 19 फरवरी को नोटिस दिया था। इसमें अगले 24 घंटे में कैफे के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए कहा था। इसके बावजूद भी अतिक्रमण नहीं हटा तो गुरुवार दोपहर 11 बजे अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई की गई। आपको बता दें कि नाबालिग लड़कियों से रेप के मामले में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में पता चला था कि उन्होंने चिल आउट कैफे में नाबालिग लड़कियों के साथ हैवानियत की थी और उनको मिलने भी बुलाते थे। नगर पालिका ने कैफे के आगे की तरफ अतिक्रमण माना था और इसे हटाने के लिए नोटिस दिया था। युवकों ने स्कूल में पढ़ रही नाबालिग छात्राओं को प्रेमजाल में फांसकर ब्लैकमेल, देहशोषण और धर्म विशेष में आस्था रखने के लिए मजबूर किया व इस मामले में पुलिस 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। डीएसपी सज्जन सिंह के साथ बुधवार दोपहर में पुलिस टीम पीड़ित के साथ गौरव पथ स्थित चिल आउट कैफे पहुंची थी, जहां 2 मंजिला कैफे की तलाशी लेते हुए अहम सुराग जुटाने के प्रयास किए गए। शाम को एएसपी भूपेन्द्र शर्मा, डीएसपी सज्जन सिंह और थानाधिकारी करण सिंह खंगारोत भारी पुलिस लवाजमे के साथ आरोपियों को लेकर चिल आउट कैफे और जामोला फैक्ट्री स्थित एक कैफे सेंटर की मौका तस्दीक करने पहुंची थी। पुलिस ने रिहान (20), मंसूरी (19), लुकमान (20), अरमान पठान (19), साहिल कुरैशी (19), अफरान (18), करीम कुरैशी (20), आशिक (20) और कैफे संचालक श्रवण को गिरफ्तार कर चुकी है। एक नाबालिग भी डिटेन किया था।

विधानसभा में साइबर अपराध, भांकरोटा अग्निकांड व कोचिंग छात्रों की काउंसलिंग का मुद्दा गूंजा



24 न्यूज अपडेट

जयपुर : राजस्थान विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान प्रदेश में साइबर अपराध, भांकरोटा अग्निकांड और कोचिंग छात्रों की काउंसलिंग के मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ. साइबर अपराध को लेकर भाजपा विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी की ओर उठाए गए सवाल पर गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह ने जवाब दिया. उन्होंने कहा कि पिछले सालों की तुलना साइबर क्राइम कम हुए हैं. इसपर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आंकड़ों में तथ्य छुपाने का आरोप लगाया और कहा कि सरकार सही जवाब नहीं दे रही है. वहीं, भांकरोटा अग्निकांड पर बीजेपी विधायक गुरवीर सिंह ने भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं होने पर सवाल किया तो सरकार की ओर से मंत्री मंजू बाघमार ने आश्वस्त किया कि सरकार इस तरह की घटना को लेकर गंभीर है. कोटा कोचिंग में छात्रों के सुसाइड और काउंसलिंग के साइकोलॉजिस्ट की नियुक्ति को लेकर भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नोकझोंक हुई. हालांकि, बाद में विधानसभा अध्यक्ष ने दोनों पक्षों को चेतावनी देकर मामले को शांत किया. इसके अलावा प्रश्नकाल में चिकित्सालय क्रमोन्नत करने, पीलीबंगा में न्यायालय स्थापना करने, उज्ज्वला योजना कनेक्शन जारी करने आदिवासी क्षेत्रों में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दिए जा रहे पोषाहार को जांच सहित कई सवाल-जवाब हुए.

साइबर अपराध पर हंगामा : भाजपा विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने प्रदेश में अपराधों की रोकथाम के लिए किए गए प्रभावी रूप से कार्यों को लेकर सवाल किया तो जवाब में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा देश में अपराध होता है तो उस पर कार्रवाई की जाती है. राजस्थान में डीग, अलवर, भरतपुर, जयपुर, जोधपुर जोन में साइबर अपराध है. इसका प्रभाव राजस्थान के अन्य जिलों में पड़ा इसके उपाय के लिए राजस्थान की सरकार साइबर थाने के गठन किया गया. 27 प्रदेशों के साइबर एक्सपर्ट को राजस्थान बुलाकर कार्यशाला आयोजित की गई, सिस्टम को इंप्रूव किया गया. एंटीवायरस अभियान चला गया है. अपराधियों की पहचान करके हमने उनकी संपत्ति तोड़ने का काम किया. पीला पंजा चला कर कार्रवाई की गई.

SI-भर्ती में अंतिम फैसले के लिए सरकार ने समय मांगा:हाईकोर्ट ने कहा 3 महीने दे सकते हैं, तब तक किसी को फील्ड पोस्टिंग नहीं मिलेगी



24 न्यूज अपडेट

एसआई भर्ती मामले में गुरुवार को हाईकोर्ट में सरकार ने अंतिम निर्णय के लिए 4 महीने का समय मांगा। हालांकि हाईकोर्ट ने कहा- हम तीन महीने का समय दे सकते हैं। लेकिन, भर्ती में यथास्थिति बनी रहेगी यानी किसी को फील्ड पोस्टिंग नहीं मिलेगी।

जस्टिस समीर जैन की अदालत में गुरुवार को सरकार की ओर से जवाब पेश किया गया। अतिरिक्त महाधिवक्ता (AAG) विज्ञान शाह ने कहा- सरकार को भर्ती पर अंतिम फैसला लेने के लिए 4 माह का समय चाहिए। कोर्ट हमें समय देते हुए याचिका का निपटारा कर दे।

एएजी विज्ञान शाह ने कहा- हम भर्ती में यथास्थिति बनाए रखेंगे। किसी भी ट्रेनी एसआई को फील्ड पोस्टिंग नहीं देंगे। लेकिन, हम भर्ती में जांच और अन्य कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र रहेंगे। इसके साथ ही सरकार किसी भी पक्ष में निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र रहेगी।

कोर्ट ने कहा- मेरिट पर बहस कर लें

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मेजर आरपी सिंह और हरेंद्र नील ने कहा- सरकार और समय लेकर क्या करेगी। जो तथ्य मौजूद हैं, वो भर्ती को रद्द करने के लिए पर्याप्त हैं। सरकार को समय नहीं दिया जाना चाहिए।

इस पर कोर्ट ने सरकार से कहा कि हम याचिका को निस्तारित नहीं करेंगे। अगर सरकार याचिका निस्तारित करवाना चाहती है तो मेरिट पर बहस कर लें।

हाईकोर्ट ने कहा- तब तक हम याचिका को पेंडिंग रख सकते हैं। लेकिन, भर्ती में यथास्थिति बनी रहेगी। इस पर सरकार ने कहा कि याचिका मेंटेनेबल (चलने योग्य) नहीं है। यह विषय तय नहीं हुआ है। ऐसे में हमारा इस पर विरोध जारी रहेगा।

अफीम की लाइसेंस वाली खेती से अवैध कारोबार:NCB ने पकड़ा 14 लाख का नशा, सप्लायर सहित तीन गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

NCB जोधपुर की टीम ने ऑपरेशन काली घाटी चलाते हुए 2.820 किलोग्राम अफीम के साथ 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त अफीम की कीमत करीब 14 लाख रुपए बताई जा रही है। जानकारी देते हुए एनसीबी जोधपुर के जोनल डायरेक्टर घनश्याम सोनी ने बताया कि टीम ने 19 फरवरी को कमली घाटी जिला पाली में एक बोलेरो वाहन को रुकवाया। तलाशी लेने के दौरान उसमें से 2.520 किलोग्राम संदिग्ध अफीम के दो पैकेट बरामद किए गए। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। आरोपियों से पूछताछ में मादक पदार्थ सप्लायर का खुलासा हुआ। इस पर टीम ने उसी दिन सप्लायर को गिरफ्तार किया। जांच में सामने आया कि सप्लायर के पिता की लाइसेंस की खेती से प्राप्त अफीम को अवैध व्यापार के लिए डायवर्ट किया गया था। इस मामले में NCB ने एक स्विफ्ट डिजायर को भी जब्त किया है। टीम ने यह कार्रवाई पाली पुलिस के साथ मिलकर की।

आईफा 'ट्रेजर हंट' के तहत उदयपुर पहुंचे सितारे



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। इंडियन फिल्म अकादमी (आईफा) अवॉर्ड्स से पहले राजस्थान में 'ट्रेजर हंट' नामक एक विशेष प्रमोशनल इवेंट आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत बॉलीवुड, टेलीविजन इंडस्ट्री और सोशल मीडिया के प्रभावशाली क्रिएटर्स राजस्थान के विभिन्न शहरों की यात्रा कर रहे हैं, जिससे प्रदेश के पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। इसी सिलसिले में प्रसिद्ध टीवी अभिनेत्री करिश्मा तन्ना और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सुखमनी गंभीर उदयपुर पहुंची हैं। वे यहां की खूबसूरत झीलों और ऐतिहासिक स्थलों पर शूटिंग कर रही हैं। इस दौरान दोनों सितारों ने गुरुवार सुबह सिटी पैलेस में अपना पहला शूटिंग शेड्यूल पूरा किया। पहले इस शूटिंग प्रोजेक्ट में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर (रिबेल किड) अपूर्वा माखीजा और 'मिर्जापुर' फेम अभिनेता अली फजल का आना प्रस्तावित था। हालांकि, इंडियाज गॉट टैलेंट विवाद के चलते अपूर्वा माखीजा का विरोध शुरू हो गया, जिसके बाद उनका नाम इस इवेंट से हटा दिया गया। मुख्य इवेंट 8 और 9 मार्च 2025 को जयपुर के जेईसीसी में आयोजित होगा, जहां बॉलीवुड के 100 से अधिक सितारे शामिल होंगे। इस बार, आईफा अवॉर्ड्स पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। पूरे इवेंट को सोलर एनर्जी से संचालित किया जाएगा, और 'आईफा ग्रीन चैलेंज' अभियान के तहत सेलेब्रिटी और दर्शकों के नाम पर पेड़ लगाए जाएंगे। इस पहल से लगभग 15,000 पेड़ लगाए जाने की योजना है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

भव्य स्वागत और शूटिंग का शेड्यूल

करिश्मा तन्ना और सुखमनी गंभीर बुधवार रात उदयपुर पहुंचीं और उन्हें सिटी पैलेस स्थित शिव निवास होटल में ठहराया गया। होटल प्रशासन द्वारा मेवाड़ी संस्कृति के अनुसार उनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह में विशेष फोटो-थीम केक भी रखा गया, जिसे दोनों ने कट किया और इस खास पल को सोशल मीडिया पर शेयर किया। गुरुवार सुबह शूटिंग की शुरुआत सिटी पैलेस से हुई। शूटिंग को आकर्षक बनाने के लिए ड्रोन कैमरों का भी उपयोग किया गया। इस दौरान उदयपुर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाने की कोशिश की गई। आईफा का यह नया प्रमोशनल अभियान न सिर्फ बॉलीवुड और डिजिटल स्टार्स को एक मंच दे रहा है, बल्कि राजस्थान के पर्यटन को भी एक नई पहचान दिलाने में मदद कर रहा है। उदयपुर की झीलों, महलों और विरासत स्थलों को इस अभियान के जरिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रमोट किया जाएगा।

आईफा में होगी पहली स्क्रीनिंग

इस शूटिंग का उद्देश्य उदयपुर के पर्यटन को एक वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना है। शूटिंग के दौरान पुरानी हवेलियों, झीलों, हेरिटेज होटलों, पारंपरिक बाजारों और स्थानीय व्यंजनों को प्रमुखता से दिखाया जाएगा। 'ट्रेजर हंट' के दौरान बनाई गई इस विशेष फिल्म को सबसे पहले आईफा अवॉर्ड्स के मंच पर दिखाया जाएगा, जिससे दुनिया भर के सिनेमा प्रेमियों तक उदयपुर की खूबसूरती पहुंच सके। इसके बाद इस क्लिप को सोशल मीडिया पर भी साझा किया जाएगा।

कौन हैं ये सितारे?


करिश्मा तन्ना

प्रसिद्ध टेलीविजन अभिनेत्री, जिन्हें 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से पहचान मिली। रियलिटी शो 'बिग बॉस' में भी हिस्सा ले चुकी हैं। कई वेब सीरीज और बॉलीवुड फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

सुखमनी गंभीर

ब्यूटी और लाइफस्टाइल कंटेंट क्रिएटर। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके 7.57 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं। डिजिटल स्पेस में अपनी स्टाइल और क्रिएटिविटी के लिए जानी जाती हैं।

आईजी मीना व आईजी एसीबी गोयल सहित 64 पुलिस अधिकारी-कार्मिक केंद्रीय गृहमंत्री पदक, अति उत्कृष्ट व उत्कृष्ट सेवा पदक एवं डीजीपी डिस्क से होंगे सम्मानित



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. जयपुर। राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में सोमवार, 24 फरवरी को पुलिस अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में महानिदेशक पुलिस उत्कल रंजन साहू 64 पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को अन्वेषण में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृहमंत्री पदक, अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक एवं डीजीपी डिस्क का वितरण कर सम्मानित करेंगे। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एवं निदेशक आरपीए एस सेंगाथिर ने बताया कि इस अवसर पर सेरेमोनियल परेड का आयोजन किया जायेगा। मुख्य अतिथि डीजीपी श्री साहू द्वारा सुबह 8 बजे अकादमी के परेड ग्राउण्ड में सेरेमोनियल परेड की सलामी ली जावेगी। सेरेमोनियल परेड में चतुर्थ बटालियन व पांचवीं बटालियन आरएसी जयपुर, आयुक्तालय जयपुर की महिला पुलिसकर्मी, आयुक्तालय जयपुर के पुरुष पुलिसकर्मी व यातायात कर्मी, हाड़ी रानी महिला बटालियन अजमेर, ईआरटी पांचवीं बटालियन आरएसी जयपुर एवं राजस्थान पुलिस अकादमी से एक-एक कुल 8 प्लाटून सम्मिलित होंगीं। सेरेमोनियल परेड में राजस्थान पुलिस अकादमी का सेन्ट्रल बैण्ड उपस्थित रहेगा। इस परेड का नेतृत्व भीलवाड़ा जिले में पदस्थापित 76वें बैच के आईपीएस अधिकारी जतिन जैन (प्रो.) द्वारा किया जायेगा। परेड के बाद चयनित 64 पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को महानिदेशक पुलिस श्री साहू पदक प्रदान कर सम्मानित करेंगे।

अन्वेषण में उत्कृष्टता के लिए 8 को केंद्रीय गृहमंत्री पदक

अन्वेषण में उत्कृष्टता के लिए केंद्रीय गृहमंत्री पदक से एसपी श्रीगंगानगर गौरव यादव, डीसीपी वेस्ट जयपुर अमित कुमार, एसओजी जयपुर में डीएसपी गुमाना राम, इंस्पेक्टर अमित सिहाग (मरणोपरांत परिजनों को), पुलिस निरीक्षक, एसओजी जयपुर सज्जन कंवर व पूनम चौधरी, सहायक उप निरीक्षक भीलवाडा मदन लाल मीणा एवं अजमेर जिले के हैड कांस्टेबल पुसा राम को सम्मानित किया जाएगा।

12 पुलिस अधिकारियों को मिलेगा अति उत्कृष्ट सेवा पदक

अति उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित होने वालों में महानिदेशक एसीबी डॉ रविप्रकाश मेहरडा, महानिदेशक पुलिस एससीआरबी, साईबर क्राईम एवं तकनीकी सेवायें हेमन्त प्रियदर्शी, सेवानिवृत्त महानिदेशक पुलिस जंगा श्रीनिवास राव, महानिरीक्षक पुलिस कोटा रेंज रवि दत्त गौड, पुलिस आयुक्त जोधपुर राजेन्द्र सिंह, महानिरीक्षक पुलिस सिविल राइट्स जय नारायण, महानिरीक्षक पुलिस सीआईडी अपराध सत्येन्द्र सिंह, सेवानिवृत्त महानिरीक्षक पुलिस सवाई सिंह गोदारा, उप महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेंज अजमेर ओम प्रकाश उप महानिरीक्षक पुलिस एसीबी उदयपुर राजेन्द्र प्रसाद गोयल सेवानिवृत्त डीआईजी समीर कुमार सिंह व जगदीश चंद्र शर्मा शामिल है। 7 वरिष्ठ पुलिस अधिकारी होंगे उत्कृष्ट सेवा

पदक से सम्मानित

उत्कृष्ट सेवा पदक से एडीजी टेलीकम्युनिकेशन एन्ड टेक्निकल एवं ट्रैफिक अनिल पालीवाल, जयपुर कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के., एडीजी पुलिस हाउसिंग बिनीता ठाकुर, एडीजी कार्मिक सचिन मित्तल, एडीजी विजिलेंस संजीब कुमार नार्जारी, एडीजी लॉ एन ऑर्डर विशाल बंसल एवं एडीजी एटीएस एवं एसओजी विजय कुमार सिंह सम्मानित होंगे।

डीजीपी डिस्क से सम्मानित होंगे 37 आईपीएस अधिकारी

डीजीपी डिस्क से सम्मानित होने वालों में डीजी एसीबी डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा, डीजी इंटेलिजेंस संजय अग्रवाल, डीजी जेल गोविन्द गुप्ता, रिटायर्ड डीजीपी ए.पौन्नूचामी व भूपेन्द्र कुमार दक, एडीजी भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड बिपिन कुमार पाण्डेय, एडीजी जेल रूपिन्दर सिंघ, एडीजी सिविल राइट्स एंड एएचटीयू मालिनी अग्रवाल, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर विशाल बंसल, एडीजी एटीएस एवं एसओजी विजय कुमार सिंह, आईजी कोटा रेंज रवि दत्त गौड, मंत्रीमण्डल सचिवालय, भारत सरकार, नई दिल्ली में उप सचिव डॉ दीपक यादव, जोधपुर कमिश्नर राजेंद्र सिंह, आईजी कार्मिक एस.परिमला, आईजी एसीबी उदयपुर राजेंद्र प्रसाद गोयल, आईजी आरपीए लता मनोज कुमार, आईजी विजिलेंस प्रफुल्ल कुमार, आईजी उदयपुर रेंज राजेश मीना, आईजी मुख्यमंत्री सुरक्षा व सतर्कता गौरव श्रीवास्तव, आईजी बीकानेर रेंज ओम प्रकाश, आईजी जोधपुर रेंज विकास कुमार, आईजी सिविल राइट्स जयनारायण, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल नई दिल्ली में आईजी नवज्योति गोगोई, रिटायर्ड आईजी अशोक गुप्ता, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में डीआईजी ममता राहुल व डॉ. राहुल जैन, डीआईजी एसीबी जोधपुर हरेन्द्र कुमार महावर, डीआईजी आइटीबीपी नई दिल्ली विकास पाठक, डीआईजी एसीबी द्वितीय जयपुर राहुल कोटोकी, एडीसीपी फर्स्ट जयपुर कुंवर राष्ट्रदीप, डिप्टी डायरेक्टर आरपीए प्रदीप मोहन शर्मा, एडीसीपी लॉ एंड ऑर्डर जयपुर कमिश्नरेट डॉ. रामेश्वर सिंह, डीआईजी बीएसएफ कैलाश चन्द जाट, एसपी श्रीगंगानगर गौरव यादव, एसपी हनुमानगढ़ अरशद अली, एसपी पाली चूना राम जाट एवं एसपी जैसलमेर सुधीर चौधरी सम्मानित होंगे।

लेकसिटी : सोना ऑल टाइम हाई 89400 पर जाकर 89000 पर ठहरा, बाजार के सन्नाटे में दौड़ रहा पुराना सोना



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर में आज सोने की कीमतें उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। दोपहर में जब खरे सोने के भाव 89400 रूपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गए तो खरीददारों और व्यापारियों की धड़कनें बढ़ गई। बाद में शाम को भाव 89400 पर सेटल हुआ। श्री सर्राफा एसोसिएशन के संरक्षक इंदरसिंह मेहता ने बताया कि स्थानीय भाव में चांदी टंच प्रति किलोग्राम 98250, चांदी चौरसा 97500, सोना स्टैंडर्ड (999) 89000, सोना जेवराती (23 कैरेट) 85440, सोना (22 कैरेट) 81880 रुपए जीएसटी सहित रहे। मेहता ने बताया कि आज भाव में काफी तेजी आई लेकिन बाद में कुछ करेक्शन भी आया। दिन में दो से ढाई बजे तो उदयपुर में सोने का भाव 89400 रूपए प्रति दस ग्राम तक पहुंच गया था। वहां से वापस करेक्शन आ गया। चांदी में भी दिन में 500 से 600 की तेजी आई व वापस करेक्शन आ गया। उन्होंने कहा कि इसका असर उदयपुर के बाजार पर व्यापक है। बढ़ती कीमतों से खरीददार तो परेशन हैं ही, व्यापारी भी कम परेशान नहीं है। एमसीएक्स के भाव के अनुसार ही धातुओं का भाव तय होता है। अभी उतार चढाव इतना ज्यादा है कि दिन में कई बार करेक्शन आ रहा है। ऐसे में विश्वास का थोड़ा सा संकट पैदा होने का अंदेशा हो जाता है। जैसे कि सुबह किसी ने थोड़े से कम दाम में सोना खरीदा तो दिन में करेक्शन आने पर उन्हीं के परिचित ने कुछ अमाउंट अधिक देकर सोना लिया तो कंपेरिजन के समय परेशानी हो सकती है। जबकि व्यापारी अंतर्राष्ट्रीय दामों के अनुसार व्यापार कर रहा है। ऐसे में लगभग सभी व्यापारी कुछ करेक्शन का घाटा खाकर भी भाव को स्टेबल रखते हैं व व्यापार करते हैं। रिटेल व्यापारी के साथ यह समस्या ज्यादा है। उदयपुर में व्यापार ना के बराबर हो रहा है। शादियो के सीजन के बावजूद व्यापार मंदा है। अब तो होली के आस पास के सावों वाले भाव स्टेबल होने का इंतजार कर रहे हैं। भाव सेटल हो जाता है तो वे खरीदारी करेंगे। अभी तो अधिकतम लोग पुरना सोना देकर ही नया ले रहे हैं। खरीददारी की सीमा भी घटा कर सोना ले रहे हैं। भाव में वेरिएशन का कारण ट्रंप व चाइना की तकरार है। मार्केट में गोल्ड बार की कमी की बात सही नहीं है।

चार वर्षों से अटका श्रमिक कार्ड मिला तो टेमू देवी की खुशी का नहीं रहा ठिकाना



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद 20 फरवरी। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में सभी विभागों द्वारा योजनाओं में अधिकाधिक पात्र एवं वंचित लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है। जिला कलक्टर के निर्देश पर श्रम विभाग ने चार वर्षों से अटका श्रमिक कार्ड जारी किया तो टेमू देवी की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। श्रम कल्याण अधिकारी उमेश राइका ने बताया कि टेमू देवी पत्नी भगवान सिंह निवासी नंदावत निवासी टोगी उपखंड भीम द्वारा वर्ष 2020 में निर्माण श्रमिक कार्ड हेतु आवेदन किया था लेकिन विभिन्न दस्तावेजों की कमी के कारण आवेदन वर्ष 2022 में निरस्त हो गया था। जिला स्तरीय जनसुनवाई में टेमू देवी द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निरस्त श्रमिक कार्ड को स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया जिस पर जिला कलेक्टर ने श्रम कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि अविलंब श्रमिक का श्रमिक कार्ड जारी किया जाए जिसकी अनुपलाना में श्रम विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए निर्माण श्रमिक टेमू देवी का श्रमिक कार्ड स्वीकृत किया जिसे जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में लाभार्थी को प्रदान किया।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निर्देशक ने किया रंगमंच कार्यशाला का अवलोकन



24 न्यूज़ अपडेट

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर और मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय थिएटर कार्यशाला 'रंगमंच' जिसका उद्घाटन दिनांक 11 फरवरी 2025 को हुआ था में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निर्देशक डॉ फुरकान खान एवं सह निर्देशक श्री दुर्गेश जी चांदवानी ने कार्यशाला के अभ्यर्थियों से मुलाकात की. श्री फुरकान खान ने विद्यार्थियों से अपनी बातचीत में रंगमंच का उद्देश्य एवं महत्व बताया और कहा की ये सिर्फ व्यतित्व निर्माण ही नहीं करता, बल्कि एक नैतिक एवं सहिष्णु मनुष्य भी बनाता है. उन्होंने सांस्कृतिक केंद्र के बारे में भी जानकारी देते हुए कहा की इस प्रकार के कार्यक्रमों से नए कलाकारों का भी निर्माण होगा. आयोजन सचिव डॉ भानुप्रिया रोहिला ने बताया की इस दौरान महाविद्यालय अधिष्ठाता प्रो. मदन सिंह राठौड़, दृश्य कला के प्रो हेमंत द्विवेदी, कार्यकम के समनवयक डॉ शाहीद परवेज़ एवं श्री महेंद्र सिंह पुरोहित, एवं कार्यशाला के दक्ष प्रशिक्षक श्री विशाल भट्ट एवं श्री आसिफ खान भी उपस्थित रहे. उल्लेखनीय है की कार्यशाला के अंतिम दिन दिनांक 25 फरवरी 2025 को इसका मंचन शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में किया जाएगा. कार्यशाला में न सिर्फ विश्वविद्यालय के छात्र बल्कि एक संकाय सदस्य ने भी भाग लिया है.



24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।